भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 586
उत्तर देने की तारीख 01 दिसंबर, 2021

एमटीएनएल और बीएसएनएल का मूल्य

586. श्री जी.एम. सिद्धेश्वर:

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तारीख में एमटीएनएल और बीएसएनएल का मूल्य क्या है;
(ख) यह मूल्य किस तरीके से तय किया गया है, यह किस एजेंसी ने तय किया है और इस मूल्यांकन का आधार क्या है;
(ग) बीएसएनएल और एमटीएनएल के स्वामित्व वाली भूमि और भवन, टावरों, उपकरणों और तकनीकी सुविधाओं का ब्यौरा क्या है और उनका वर्तमान बाजार मूल्य कितना है;
(घ) बीएसएनएल और एमटीएनएल की वर्तमान देयता क्या है;
(ड.) एमटीएनएल और बीएसएनएल के विनिवेश की आवश्यकता क्यों है; और
(च) क्या सरकार ने बीएसएनएल और एमटीएनएल के लिए किसी खरीदार को चुना है और यदि हां, तो बेचने का मानदंड, खरीदार का ब्यौरा और उसका मूल्य क्या है?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) से (ख) लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार दिनांक 30.09.2021 तक भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफ़ोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के पास क्रमशः 1,33,952 करोड़ रुपये और 3,556 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियाँ हैं। बीएसएनएल और एमटीएनएल की परिसंपत्तियों के मूल्य हिस्टॉरिकल कॉस्ट के आधार पर तय किए गए हैं।

(ग) वित्तीय विवरण के अनुसार दिनांक 31.03.2021 तक बीएसएनएल और एमटीएनएल के पास क्रमशः 89,878 करोड़ रुपये और 3252 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण का निवल ब्लॉक हैं। बीएसएनएल और एमटीएनएल से संबंधित ब्यौरा अनुबंध-I और अनुबंध-II में दिया गया है।

(घ) दिनांक 30.09.2021 की स्थिति के अनुसार बीएसएनएल और एमटीएनएल की देयता क्रमशः 85,721 करोड़ रुपये और 30,159 करोड़ रुपये की है।

(ङ) से (च) बीएसएनएल और एमटीएनएल के विनिवेश से संबंधित कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

******

अनुबंध- I

लोकसभा के दिनांक 01.12.2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 586 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

बीएसएनएल की परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरणों का ब्यौरा

(राशि रुपये करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	दिनांक 31.03.2021 को निवल ब्लॉक मूल्य
1	भूमि (पूर्ण स्वामित्व वाली)	63,496
2	इमारतें	3,266
3	उपकरण और संयंत्र-टेलीकॉम ट्रांसीवर, स्विचिंग केंद्र, ट्रांसमिशन और अन्य नेटवर्क उपकरण	12,862
4	केबल और लाइन तथा तारें-टेलीकॉम-डक्ट्स, केबल्स और ऑप्टिकल फाइबर	7,684
5	सतत प्रसंस्करण संयंत्र के अलावा सामान्य संयंत्र और मशीनरी	409
6	टावर और सेटेलाइट	1,388
7	मोटर वाहन और लॉन्च	11
8	कार्यालय उपकरण	11
9	विद्युत संस्थापनाएं और उपकरण	565
10	फर्नीचर एवं फिटिंग	13
1 1	कंप्यूटर-सर्वर और नेटवर्क	86
12	कंप्यूटर- एंड्यूसर डिवाइस	87
	कुल	**89,878**

अनुबंध- II

लोकसभा के दिनांक 01.12.2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 586 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

एमटीएनएल की परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरणों का ब्यौरा

(राशि रुपये करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	दिनांक 31.03.2021 को निवल ब्लॉक मूल्य
1	पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि	18
2	इमारतें	773

3	लाइनें और तारें	63
4	केबल	1,036
5	उपकरण और संयंत्र	1,275
6	फर्नीचर और फिक्सर	8
7	कंप्यूटर	16
8	वाहन	1
9	कार्यालय मशीनरी और उपकरण	2
10	विद्युत उपकरण	13
1 1	स्क्रैप/बंद की गई परिसंपत्ति	47
	कुल	3,252